संख्या-5/1/2019-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 30 सितम्बर, 2019

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - अगस्त, 2019

अगस्त, 2019 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1 अंक बढ़कर 320 (तीन सौ बीस) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में जुलाई, 2019 एवं अगस्त, 2019 के बीच (+) 0.31 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच यह स्थिर था।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान ईंधन एवं प्रकाश समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (+) 0.31 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में चावल, गेहूँ, बकरे का मांस, दूध (डेयरी), लहसुन, प्याज, फूलगोभी, पालक, मटर, कद्दू, नारियल, केला, आम, चीनी, घरेलू कुकिंग गैस, दवाई (एलोपेथी), बस प्रभार, फूल/फूल मालाएं, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, ज्वार, अण्डे (मुर्गी), ताजी मछली, पोल्ट्री (चिकन), गाजर, हरी धनिया पत्ती, मेथी, टमाटर, सेब, इत्यादि ने सूचकांक में दर्ज वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

अगस्त, 2019 के लिए सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 5.98 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 5.61 प्रतिशत की तुलना में 6.31 प्रतिशत रही। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 4.78 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के (-) 0.32 प्रतिशत की तुलना में 5.10 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, अमृतसर के सूचकांक में अधिकतम 7 अंकों की वृद्धि रही जिसके बाद शोलापुर एवम् डुमडुमा तिनसुकिया में 6 अंक प्रत्येक तथा मरियानी जोरहाट एवम् अहमदाबाद प्रत्येक में 5 अंक की वृद्धि पाई गई। अन्य 4 केन्द्रों में 4 अंक, 5 केन्द्रों में 3 अंक, 10 केन्द्रों में 2 अंक तथा 17 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। इसके विपरीत, क्विलोन में 10 अंकों की अधिकतम कमी रही जिसके बाद गोआ में 8 अंक तथा गोदावरीखानी एवम् विजयवाड़ा प्रत्येक में 5 अंक की कमी पाई गई। अन्य 1 केन्द्र में 4 अंक, 1 केन्द्र में 3 अंक, 5 केन्द्रों में 2 अंक तथा 13 केन्द्रों में 1 अंक की कमी पाई गई। शेष 13 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

32 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक से ऊपर तथा 44 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे। मुण्डाक्याम एवम् पुडुचेरी केन्द्रों का सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक के समकक्ष रहा।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी सितम्बर, 2019 माह के लिए दिन गुरूवार, अक्तूबर 31, 2019 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(अमृत लाल जांगिड़)
उप निदेशक